प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पन्तनगर विश्वविद्यालय और यूरोप के दो विश्वविद्यालयों के मध्य करार

पन्तनगर। 9 जुलाई 2024। पन्तनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा स्पेन एवं वर्सिलोना के भ्रमण के दौरान वहां के दो विश्वविद्यालयों क्रमशः यूनिवर्सितात आटोनामा द वर्सिलोना (यूएबी) एवं उनिवर्सितात पॉलिटेक्निका दे केतालूइया बासेलोनाटेक (यूपीसी) के साथ करार पर हस्ताक्षर किया गया। यूनिवर्सितात आटोनामा द वर्सिलोना की ओर से निदेशक डा. काटजा सुस्ताकोविज एवं उनिवर्सितात पॉलिटेक्निका दे केतालूइया बासेलोनाटेक की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय अधिकारी डा. लौरा टोरेश द्वारा करार पर हस्ताक्षर किया गया। यह करार खाद्य और कृषि तकनीकी के क्षेत्र में किया गया जिससे कि पन्तनगर विश्वविद्यालय एवं यूरोप के दोनों विश्वविद्यालयों में उक्त क्षेत्र में सुदृढ़ता प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति भारतीय विश्वविद्यालय संगठन की टीम के साथ भ्रमण में प्रतिभाग कर रहे है। उत्तराखण्ड जैव प्रौद्योगिकी परिषद, हल्दी के निदेशक डा. संजय शर्मा भी भ्रमण में प्रतिभाग कर रहे है।

1. स्पेन के वैज्ञानिकों के साथ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार